बीएचईएल ने इराक से कंप्रेसर पैकेज का प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किया

नई दिल्ली, 30 मार्च: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने इराक से कंप्रेसर पैकेज का प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त करके अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक और कीर्तिमान अर्जित किया है।

इराक गणराज्य के तेल मंत्रालय के स्वामित्व वाली राष्ट्रीय तेल रिफाइनरी, नॉर्दर्न रिफाइनरीज कंपनी (NRC) ने इराक में बाईजी रिफाइनरी के पैकेज का यह ऑर्डर दिया है जिसे बीएचईएल ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच जीता है।

इस आदेश में इलेक्ट्रिक मोटर चलित रीसायकल गैस सेंट्रीफ्यूगल कंप्रेसर की डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण और आपूर्ति का कार्य किया जाना है। बीएचईएल के अंतरराष्ट्रीय परिचालन प्रभाग द्वारा हैदराबाद और भोपाल विनिर्माण इकाइयों के साथ मिलकर इस कार्य को निष्पादित किया जाएगा। यह नया कंप्रेसर मौजूदा कंप्रेसर की जगह लेगा। मौजूदा कंप्रेसर की आपूर्ति भी वर्ष 2000 में बीएचईएल द्वारा की गई थी, जो इराक में युद्ध के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है।

बीएचईएल की इराक से गहरे व्यावसायिक संबंध हैं। बीएचईएल ने इराक के बाईजी पावर स्टेशन के लिए 4x157 मेगावाट गैस टर्बाइन जेनरेटर (जीटीजी) इकाइयों और रुमैला पावर स्टेशन के लिए 2x125 मेगावाट जीटीजी इकाइयों सहित कई गैस टर्बाइन आधारित विद्युत संयंत्रों की आपूर्ति की है। बीएचईएल ने इराक में 4x125 मेगावाट गैस टर्बाइन आधारित सुलेमानिया पावर प्रोजेक्ट के निर्माण का टर्नकी ऑर्डर भी निष्पादित किया है।

बीएचईएल के पोर्टफोलियो में विभिन्न उद्योगों/अनुप्रयोगों को आपूर्ति किए गए 400 से अधिक गैस/एयर कंप्रेसर हैं। इनमें दबाव और प्रवाह की विभिन्न रेंज तथा प्राकृतिक गैस, सिंथेटिक गैस, आद्र गैस, कार्बन से लेकर अमोनिया, नाइट्रोजन, हाइड्रोजन सहित कई प्रकार की गैसों का रखरखाव सम्मिलित है। यह इस व्यवसाय खंड में बीएचईएल की सुदृढ़ उपस्थिति का एक जीवंत प्रमाण है। बीएचईएल ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में अब तक फ्रांस, बांग्लादेश, इराक, ईरान, ओमान और बेलारूस को कम्प्रेसर की आपूर्ति की है।

कंपनी लगातार अपने विदेशी व्यापार का विस्तार कर रही है और आज सभी 6 बसे हुए महाद्वीपों में 88 देशों से व्यावसायिक संबंध स्थापित किए हैं। बीएचईएल के अंतरराष्ट्रीय व्यापार संदर्भ में बीएचईएल के उत्पादों जैसे ट्रांसफॉर्मर, कंप्रेशर्स, मोटर्स, वाल्व, तेल क्षेत्र के उपकरण, इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर, फोटोवोल्टिक उपकरण, हीट एक्सचेंजर्स, स्विचगियर, कास्टिंग और फोर्जिंग आदि की एक विविध शृंखला के अलावा उत्पादों और सेवाओं की लगभग पूरी श्रृंखला है। इनमें थर्मल, हाइड्रो एवं गैस आधारित टर्नकी पावर प्रोजेक्ट; सोलर पीवी आधारित प्रोजेक्ट; सबस्टेशन प्रोजेक्ट; आरएंडएम प्रोजेक्ट्स शामिल है। बीएचईएल की विदेशी विद्युत परियोजनाओं का संचयी पोर्टफोलियो 17 गीगावॉट है, जिसमें से 11 गीगावॉट से अधिक पहले ही कमीशन (चालू) हो चुका है।